# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# व्यापारियों से ठगी कर करोड़ों लेकर कंपनी का मालिक फरार

**ठगी**

## अब तक एफआईआर दर्ज न होने से पीड़ित हुए मायूस

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिले के व्यापारियों को बड़े मुनाफे का लालच देकर स्थानीय व्यापारियों से उनके चेक भी जमानती के तौर पर बंधक रखकर कंपनी मालिक फरार हो गया है।

बता दें कि यह घटना को बीते चार माह हो चुके है। स्थानीय व्यापारी अब अपने पैसों को लेकर पुलिस कप्तान से लेकर थाना कोतवाल के दफ्तरों के चक्कर काटने को विवश हो रहे है। जिले में पिछले कुछ माहीनों से जनपद में व्यापारियों को मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर अब तक कई कंपनियां व्यापारियों से करोड़ों की ठगी कर कंपनी के सदस्य व मालिक मुख्यालय से चंपत हो चुके है। जिले में ठगी का शिकार हो चुके व्यापारियों ने इस मामले में अब तक कोई एफआईआर दर्ज न होने पर खासी नाराजगी जाहिर की है। बीते मंगलवार की सांय को मुख्यालय निवासी ठगी का शिकार हुई स्थानीय व्यापारी प्रतिभा बिष्ट के नेतृत्व में जिले के पांच अन्य ठगी के शिकार हुए व्यापारी गणों ने थाना कोतवाल रमेश तनवार को एक बार फिर से इस मामले पर गुहार लगाते हुए ठगी कर भागे कंपनी मालिक को पकड़ने व अपने चेक व पैसे वापस दिलाये जाने की मांग को लेकर थाने में जाकर संबंधित कंपनी मालिक के खिलाफ तहरीर भी दर्ज कराई।

थाना कोतवाल रमेश तनवार ने बताया कि इस मामले पर तहरीर के आधार पर एसआइ धीरज टम्टा को जांच सौप दी गई है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आयेगें उसके बाद कारवाई अमल में लाई जायेगी।

थाना कोतवाल ने भरोसा दिलाया है कि जल्द कंपनी मालिक का पता लगाकर उसकी धर पकड़ कर ली जायेगी। जिले में कंपनियां के चिट फंड घौटाले अभी भी थमने का नाम नही ले रहे है।



## न्यूज डायरी

### विकास प्राधिकरण की व्यवस्था हटाने को धरना

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त किए जाने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को गांधी पार्क में धरना दिया। कहा कि जिला विकास प्राधिकरण से नगर व आसपास के क्षेत्रों के लोगों की समस्या बढ़ रही है, लेकिन सरकार है कि कोई सुध ही नहीं ले रही। कहा गया कि यदि जल्द इस समस्या के समाधान को कारगर उपाय नहीं किए गए तो आंदोलन तेज कर दिया जाएगा। समिति के संयोजक पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी के नेतृत्व में विभिन्न दलों के लोग धरने पर बैठे। इस मौके पर हुई सभा में वक्ताओं ने पर्वतीय क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के मद्देनजर विकास प्राधिकरण को अव्यवहारिक बताया। संयोजक प्रकाश जोशी ने कहा कि आठ माह पूर्व कोरोना संकटकाल के कारण समिति ने धरने को स्थगित कर दिया।

### शैल इलेवन ने घुरसूं को हराया

**संवाददाता** अल्मोड़ा। बल्टा गांव में जय माता दी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उद्घाटन मैच में शैल इलेवन ने घुरसूं की टीम को तीन विकेट से हराया। टास जीतकर घुरसूं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 110 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में शैल की टीम तीन विकेट खोकर दो ओवर शेष रहते मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच करन शैली रहे। उन्होंने तीन विकेट लिए। 38 रन जोड़ टीम को जीत दिलाने में बड़ा योगदान भी दिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मैच का शुभारंभ किया। विशेष आमंत्रित अतिथि बीडीसी बल्टा आनद सिंह, मनोज कुमार, सरपंच सुरेश सिंह मेहता, सभासद राजेंद्र तिवारी, राफा क्रिकेट क्लब सचिव रोहित शैली, हेम जोशी,आनंद सिंह मेहता आदि को सम्मानित किया गया।

### जड़ी–बूटी शोध संस्थान किसानों को फोन पर देगा जानकारी

**संवाददाता** पिथौरागढ़। कोविड–19 के चलते इस वर्ष जिले के जड़ी बूटी उत्पादकों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित नहीं हो पा रहे हैं। उत्पादन में लगे किसानों को अब जड़ी बूटी शोध संस्थान फोन पर ही जानकारी मुहैया कराएगा। जिले के उच्च हिमालय और मध्य हिमालय में तमाम औषधीय महत्व की जड़ी बूटियों का उत्पादन होता है। शीतकाल में जड़ी बूटी उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। उत्पादकों को उत्पादन, विपणन आदि के लिए हर वर्ष प्रशिक्षण दिए जाते हैं, लेकिन इस वर्ष कोविड–19 के चते किसानों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन नहीं हो पा रहा है, जबकि शोध संस्थान के पास प्रशिक्षण के लिए बजट उपलब्ध है। किसान फोन के जरिए अपनी शंकाओं का समाधान संस्थान से करवा सकते हैं।

## ऋषिकुल तिराहे पर युवक को सड़क पर दौड़ा–दौड़ा कर पीटा

**संवाददाता** हरिद्वार। बर्थडे पार्टी में सोमवार की रात किसी बात को लेकर युवकों के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि जिस युवक से विवाद हुआ, उसके घर जाते वक्त ऋषिकुल तिराहे पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने घेर कर रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने युवक को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। घटना से क्षेत्र में भगदड़ मच गयी। आरोप है कि आरोपी युवक तलवार लिए हुए थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। जबकि अन्य फरार होने में कामयाब रहे। लेकिन पीड़ित पक्ष ने शिकायत करने से इंकार कर दिया। जिस पर पुलिस ने हिरासत में लिए युवकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को ऋषिकुल तिराहे पर स्कूटी सवार एक युवक को स्कूटी से पीछा कर रहे दो युवकों ने घेर कर रोक लिया। बताया जा रहा है कि दोनों युवकों ने स्कूटी सवार युवक को बात करने के बहाने एक कोने मे ले जाया गया। जहां दोनों युवकों ने फोन कर अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। आरोप है कि आधा दर्जन से अधिक युवकों ने मौके पर पहुंचते ही स्कूटी सवार युवक को जमकर पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं अपनी जान बचाकर भागे युवक का आरोपियों ने पीछा कर दौड़ा–दौड़ा कर पीटा।

## गांवों में पहाड़ की महिलाएं अब करवाचौथ व्रत को पर्व के रूप में मना रही



**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जिले के सूदूर गांवों में जहां कुमाउनी परंपरा में पति की उम्र के लिए वट सावित्री व्रत किया जाता है। वहीं अब सीमांत जिले व गांवों में पहाड़ की महिलाएं अब करवाचौथ व्रत को पर्व के रूप में मना रही है। बता दें कि जिले व आसपास के गांवों में नवविवाहिता के अलावा अन्य महिलाएं भी अब करवाचौथ का व्रत कर रही है। जिले में करवाचौथ व्रत पर कास्मेटिक व कपड़ें व करवाचौथ की सामग्री बेचने वाले व्यापारियों के चहरे में रौनक लौटी है। जिले की महिलाओं में करवाचौथ व्रत की खरीददारी को लेकर जमकर उत्साह देखने को मिला।

## भाजपा ही वह पार्टी जहां कार्यकर्ता बन सकता है सीएम और पीएमः कैलाश पंत

**संवाददाता**

हल्द्वानी। भाजपा नगर मंडल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कैलाश पंत ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के कार्य कर रही है। केंद्र से लेकर राज्य में भाजपा सरकार ने तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। इसका आम जन को लाभ मिलने लगा है। अब हमारी भी जिम्मेदारी है कि इन योजनाओं के बारे में विस्तार से आमजन के बीच चर्चा करें।

मंगलवार को रुद्राक्ष बैंक्वेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में कैलाश पंत ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति–नीति व अनुशासन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और कहा कि भाजपा




अनुशासित पार्टी है। इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। हमारी ही पार्टी है, जब एक कार्यकर्ता राज्य का सीएम व देश का पीएम बन सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा अन्य दल में संभव नहीं है।

मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला ने कहा कि पार्टी को आगे बढ़ाने की

योजनाओं के बारे में विस्तार से आमजन के बीच चर्चा करें

जिम्मेदारी हम सभी की है। जब हम बूथ स्तर पर काम करेंगे। बूथ की मजबूती पर ध्यान देंगे, तो निश्चित तौर पर आगे बढ़ेंगे। इसमें जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, नगर अध्यक्ष विनीत अग्रवाल, दर्जा राज्य मंत्री मजहर नईम नवाब, दिनेश खुल्बे, संजय दुम्का, मनीष पाल समेत तमाम नेता शामिल रहे।

इधर, ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम कमलुवागांजा स्थित क्लश गार्डन में आयोजित हो रहा है। इसमें वरिष्ठ नेता कुमाऊं मंडल विकास निगम के अध्यक्ष केदार जोशी, पूर्व सांसद बलराज पासी समेत तमाम नेता शामिल हुए हैं।

## एसपी उत्तरकाशी ने ली पुलिस पेंशनर्स, शहीद पुलिस परिजनों की बैठक

**संवाददाता** उत्तरकाशी। पुलिस कार्यालय उत्तरकाशी में पंकज भट्ट, पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों व शहीद पुलिस परिजनों के साथ बैठक की गयी। इस अवसर पर बैठक मे एसपी द्वारा उपस्थित सेवानिवृत पुलिस कर्मियों व शहीद पुलिस परिजनों की समस्यायें पूछी गयी तथा उनकी समस्याओं के निराकण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर बैठक मे एसपी द्वारा सरकार द्वारा पुलिस पेंशर्न्स व शहीद पुलिस परिजनों के वेलफेयर मे चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारियॉ दी गयी साथ ही सभी को आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की सहायता हेतु पुलिस परिवार सदैव आपकी सहायता हेतु तत्पर है किसी भी मददध्सहयोग हेतु आप कभी भी पुलिस से निसंकोच सहायता मांग सकते हैं। इस अवसर पर कोविड–19 महामारी के चलते उक्त बैठक में सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुये सीओ उत्तरकाशी, प्रधान लिपिक व अकांउन्टेट ने प्रतिभाग किया।